में स्थित तापीय विद्युत गृह अपने वास्तविक क्षमता से विद्युत का कम उत्पादन कर रहे हैं। विद्युत गृहों के संयंत्र लोड फैक्टर (पी०एल०एफ०) में वर्ष 1990 के शुरू में हुइ 54% से 57% तक का वृद्धि से वर्ष 1997 में मिंतर रूप में लगभग 64.3% तक की वृद्धि हुई है।

(ग) और (घ) देश में उपलब्ध अधिकांश कोयले के भंडार निम्न ग्रेड के हैं तथा इसमें उच्च मात्रा में राख विद्यमान है। अतः राष्ट्रीयकरण के समय से कोयले का वृद्धयात्मक उत्पादन आवश्यक रूप से निम्न ग्रेड के कोयले का हुआ है, जो कि आमतौर से विद्युत उत्पादन किए जाने के लिए उपयुक्त है। कोयले की गुणवत्ता संबंधी विशिष्टिकरण को दृष्टिगत करते हुए विद्युत गृहों द्वारा तद-नुसार अपने बॉयलरों को अधिकल्पित किया गया है तथा उन्होंने राष्ट्रीयकरण से पूर्व किए उत्पादन से अधिक उत्पादन हासिल किया है।

दक्षिण पूर्व कोयला क्षेत्र और महानदी कोयला क्षेत्र के अंतर्गत निर्माण कार्य

1252. **श्री दिलीप सिंह जूदेव:** क्या **कोयला** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वर्ष 1994-95 से 1996-97 की अवधि के दौरान दक्षिण पूर्व क्षेत्र और महानदी क्षेत्र के अंतर्गत पूर्व में ठेके पर दिए गए किन्तु अधूरे छोड़ दिए गए सिविल निर्माण कार्य को किन-किन ठेकेदारों ने पूरा किया;

(ख) इस निर्माण कार्य के लिए नए ठेकेदार को कितनी धनराशि का भुगतान किया गया और पूर्व ठेके की तुलना में यह धनराशि कितनी अधिक थी;

(ग) नए ठेकेदारों को अधिक भुगतान करने के लिए पूर्व ठेकेदारों और संबद्ध अधिकारियों के विरुद्ध क्या कार्यवाही की गई; और

(घ) उपरोक्त भाग (क) के अनुसार अपूर्ण छोड़े गए कार्यों में से 30 जून, 1997 तक पूर्ण कराए गए कार्यों और इसके लिए ठेकेदारों को भुगतान की गई धनराशि संबंधी ब्यौरा क्या है?

कोयला मंत्रालय की राज्य मंत्री (श्रीमती कान्ति सिंह): (क) से (घ) साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लि० से संबंधित सूचना अनुबंध में दर्शाई गई है। **(देखिए परिशिष्ट 181, अनुपत्र संख्या 30)**

जहां तक महानदी कोलफील्ड्स लि० का संबंध है, 1994-95 से 1996-97 तक की अवधि में किसी भी ठेकेदार द्वारा कोई भी सिविल निर्माण कार्य अधूरा नहीं छोड़ा गया है। जहां तक नए ठेकेदारों को संबद्ध अधिकारियों के विरुद्ध अधिक भुगतान किए जाने की कार्रवाई का संबंध है, यह उल्लेख किया गया है कि अधूरे ठेकों के संबंध में शेष निर्माण कार्यों को निर्धारित प्रक्रिया का अनुपालन किए जाने के बाद नए ठेकेदारों को दिया गया था। अधूरे ठेकों के शेष निर्माण कार्यों को पूरा किए जाने के संबंध में राशि में वृद्धि समयावधि तथा कीमतों में वृद्धि होने के कारण हुई है, जो कि अपरिहार्य थी। इसके अतिरिक्त, ऐसे सभी मामलों में जहां कि ठेकेदार द्वारा निर्माण कार्य को अधूरा छोड़ दिया गया था, उक्त मामलों में ठेके के प्रावधानों के अंतर्गत उपयुक्त रूप में दंड लगाया गया है।

Lease of Captive coal mines

1253. SHRIMATI CHANDRA KALA PANDEY:
SHRI BRATIN SENGUPTA:

Will the Minister of COAL be pleased to state:

(a) whether mining plan has to be approved by Central Government before a captive mining lease for coal can be granted by a State Government;

(b) if yes, whether mining plan was approved by Government for the coal mine leased by Government of